CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भगौ तब रंक सु देखत हाल,
लहो तब केवल ज्ञान विशाल ।।
दियो उपदेश महाहितकार,
सु भव्यन बोधि सम्मेद पधार ।
सुवर्णहिभद्र जू कूट प्रसिद्ध,
वरी शिवनारि लही वसु ऋद्ध ।।
जजूं तुम चर्ण दोऊ कर जोर,
प्रभू लखिये अब ही मम ओर ।
कहै 'बखतावर रत्न' बनाय,
जिनेश हमें भव-पार लगाय ।।

धत्ता

जय पारस-देवं, सुर-कृत सेवं, वंदित चरण सुनागपती ।
करुणाके धारी, पर-उपकारी, शिव-सुखकारी कर्म हती ।।
ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय गर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाण पंच-कल्याणकप्राप्ताय महार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

जो पूजै मन लाय, भव्य पारस प्रभु नित ही ।
ताके दुख सब जाँय, भीति व्यापै नहिं कित ही ।।
सुख-सम्पति अधिकाय, पुत्र-मित्रादिक सारे ।
अनुक्रमसों शिव लहे, 'रतन' इम कहें पुकारे ।।

(इति आशीर्वादः । पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्रीवर्द्धमान जिन-पूजा

[कविवर वृन्दावनजी]

मत्तगयंद

श्रीमत वीर हरें भव-पीर, भरें सुख-सीर अनाकुलताई।
केहरि-अंक अरीकरदंक, नये हरि-पंकति-मौलि सुआई॥
मैं तुमको इत थापतु हौं प्रभु,
भक्ति-समेत हिये हरषाई।
हे करुणा-धन-धारक देव,
इहाँ अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई॥

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र ! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।
ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्र ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

क्षीरोदधिसम शुचि नीर, कंचन-भृङ्ग भरों।
प्रभु वेग हरो भव-पीर, यातैं धार करों॥
श्रीवीर महा अतिवीर, सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुण-धीर, सन्मति-दायक हो॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्व०

मलयागिर-चंदन सार, केशर-संग घसों।
प्रभु भव-आताप-निवार, पूजत हिय हुलसों॥श्रीवीर०

ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय भवतापविनाशनाय चंदनं निर्वं०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तंदुल सित शशि-सम, शुद्ध, लीनो थार भरी ।
तसु पुञ्ज धरों अवरुद्ध, पावों शिव-नगरी ।।श्रीवीर०
ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अक्षयपद प्राप्तये अक्षतान् निर्व०

सुरतरु के सुमन समेत, सुमन सुमन प्यारे ।
सो मनमथ-भंजन-हेत, पूजों पद थारे ।।श्रीवीर०
ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्व०

रस-रज्जत सज्जत सद्य, मज्जत थार भरी ।
पद जज्जत रज्जत अद्य, भज्जत भूख-अरी ।।श्रीवीर०
ॐ ह्रीं श्रीमहावीर जिनेन्द्राय क्षुधारोगविनाशनाय नवेद्यं ।

तम-खंडित मंडित-नेह, दीपक जोवत हों ।
तुम पदतर हे सुख-गेह, भ्रम-तम खोवत हों ।।श्रीवीर०
ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं

हरिचन्दन अगर कपूर, चूर सुगन्ध करा ।
तुम पदतर खेवत भूरि, आठों कर्म जरा ।।श्रीवीर०
ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय अष्टकर्मविध्वंसनाय धूपं निर्व०

ऋतु-फल कल-वर्जित लाय, कंचन थार भरा ।
शिव-फल-हित हे जिनराय, तुम ढिग भेट धरा ।।श्रीवीर०
ॐ ह्रीं श्रीमहावीरजिनेन्द्राय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्व०

जल-फल वसु सजि हिम-थार, तन-मन-मोद धरों ।
गुण गाऊं भव-दधि तार, पूजत पाप हरों ।।श्रीवीर०
ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्व०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पंचकल्याणक

राग टप्पाचाल

मोहि राखो हो सरना,
श्रीवर्द्धमान जिनरायजी । मोहि०
गरभ साढ़ सित छट्ठ लियो थिति,
त्रिशला उर अघ-हरना ।।
सुर सुरपति तित सेव करो नित,
मैं पूजों भव-तरना । मोहि०

ॐ ह्रीं आषाढ़शुक्लषष्ठयां गर्भमंगलमंडिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घं निर्व० ।

जनम चैत सित तेरस के दिन,
कुंडलपुर कन-वरना ।
सुरगिरि सुरगुरु पूज रचायो,
मैं पूजों भव-हरना ।। मोहि०

ॐ ह्रीं चैत्रशुक्लत्रयोदश्यां जन्ममंगलप्राप्ताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपा० ।

मंगसिर असित मनोहर दशमी,
ता दिन तप आचरना ।
नृप-कुमार घर पारन कीनो,
मैं पूजों तुम चरना ।। मोहि०

ॐ ह्रीं मार्गशीर्षकृष्णदशम्यां तपोमंगलमंडिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपा० ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुकल दशैं वैशाख दिवस अरि,
घाति - चतुक छय करना ।
केवल लहि भवि भव-सर तारे,
जजों चरन सुख भरना ।। मोहि०

ॐ ह्रीं वैशाखशुक्लदशम्यां ज्ञानकल्याणकप्राप्ताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपा० ।

कार्तिक श्याम अमावस शिव-तिय,
पावा पुरतें परना ।
गन-फनि-वृंद जजैं तित बहुविधि,
मैं पूजों भय - हरना ।। मोहि०

ॐ ह्रीं कार्तिककृष्णामावस्यां मोक्षमंगलमंडिताय श्रीमहावीर-जिनेन्द्राय अर्घं निर्वपा० ।

जयमाला

छन्द हरिगीता

गनधर असनिधर, चक्रधर,
हलधर गदाधर वरवदा ।
अरु चापधर विद्यासुधर,
तिरसूलधर सेवहिं सदा ।।
दुख - हरन आनंद - भरन तारन,
तरन चरन रसाल है ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुकुमाल गुन - मनिमाल उन्नत,
भालकी जयमाल है ॥१॥

धत्तानंद

जय त्रिशला-नंदन, हरिकृत-वंदन,
जगदानंदन, चंदवरं ।
भव-ताप-निकंदन तन कन-मंदन,
रहित - सपंदन नयन - धरं ॥२॥

छन्द तोटक

जय केवल - भानु कला - सदनं,
भवि - कोक - विकाशन - कंज-वनं ।
जग - जीत - महारिपु - मोह - हरं,
रज ज्ञान - दृगांवर चूर - करं ॥
गर्भादिक - मंगल - मडित हो,
दुख - दारिद को नित खंडित हो ।
जगमाहिं तुम्हीं सत - पंडित हो,
तुम ही भव - भाव - विहंडित हो ॥
हरिवंश - सरोजनको रवि हो,
बलवंत महंत तुम्हीं कवि हो ।
लहि केवल धर्म - प्रकाश कियौ,
अबलों सोई मारग राजति यौ ॥
पुनि आपतने गुनमाहिं सही,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुर मग्न रहैं जितने सब ही।
तिनको वनिता गुन गावत हैं,
लय माननि सों मन-भावत हैं॥
पुनि नाचत रंग उमंग भरी,
तुम भक्तिविषैं पग येम धरी।
झननं झननं झननं झननं,
सुर लेत तहाँ तननं तननं॥
घननं घननं घन घंट बजै,
दृमदृं दृमदृं मिरदंग सजै।
गगनांगन-गर्भगता सुगता,
ततता ततता अतता वितता॥
धृगतां धृगतां गति बाजत है,
सुरताल रसाल जु छाजत है।
सननं सननं सननं नभ में,
इक रूप अनेक जु धारि भमें॥
कइ नारि सुवीन बजावति हैं,
तुमरो जस उज्जल गावति हैं।
कर-तालविषै करताल धरें,
सुर ताल विशाल जु नाद करें॥
इन आदि अनेक उछाह भरी,
सुर भक्ति करें प्रभुजी तुमरी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुम ही जग-जीवनि के पितु हो,
तुमही बिन कारनतें हितु हो ॥
तुमही सब विघ्न - विनाशन हो,
तुमही निज आनंद - भासन हो ।
तुमही चित - चिंतित - दायक हो,
जगमाहिं तुम्हों सब लायक हो ॥
तुमरे पन मंगलमाँहिं सही,
जिय उत्तम पुन्न लियो सब ही ।
हमको तुमरी सरनागत है,
तुमरे गुन में मन पागत है ॥
प्रभु मो हिय आप सदा बसिये,
जब लों वसु कर्म नहीं नसिये ।
तब लों तुम ध्यान हिये बरतो,
तब लों श्रुत चिंतन चित्त रतो ॥
तब लों व्रत चारित्र चाहतु हों,
तब लों शुभ भाव सु गाहतु हों ।
तब लों सत - संगति नित्त रहो,
तब लों मम संजम चित्त गहो ॥
जब लों नहिं नाश करो अरि को,
शिव-नारि बरों समता धरि को ।
यह द्यो तब लों हमको जिनजी,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हम जाचतु हैं इतनी सुन जी ॥

धत्तानंद

श्रीवीर - जिनेशा नमित - सुरेशा,
नाग - नरेशा भगति भरा ।
'वृन्दावन' ध्यावै विघन नशावै,
वांछित पावै शर्म - वरा ॥

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

श्रीसन्मति के जुगल पद, जो पूजै धरि प्रीति ।
'वृन्दावन' सो चतुर नर, लहै मुक्ति-नवनीत ॥

(इत्याशीर्वादः । पुष्पाञ्जलि क्षिपामि)

श्री गोम्मटेश्वर पूजा

मत्तगयंद छंद

स्थापना

देखत ही द्युतिवन्त हरे, तनकी छवि, सुधाघर हारे ।
ध्यान विवेक तपोबल से, जिनने अरि-कर्म प्रचंड संहारे ॥
बाहु पसार अनुग्रह की, भवसागर से भवि जीव उबारे ।
सो जिन वाहुवलीश, दयाकर तिष्ठहु मानस आय हमारे ।

ॐ ह्रीं श्रीवाहुबलिभगवन् अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।
ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलिभगवन् अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।
ॐ ह्रीं श्रीबाहुबलिभगवन् मम सन्निहितो भव भव बषट् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हरिगीतिका छंद

शुचि सित सलिल की धार, शशि रस तुल्य गुण की खान है।
सो चरण सन्मुख ईश के, भवसिंधु-सेतु समान है।।
वसुकर्मजेता मोक्षनेता, मदनतन अभिराम है।
भगवान बाहुवलीश को, नित शीशनाय प्रणाम हैं।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीवाहुबलिजिनाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

केशर कपूर सुगन्धयुत श्रीखण्ड संग घसाइये।
भवतापभंजन देव पद की भव्य पूज रचाइये।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीवाहुवलिजिनाय संसारतापविनाशनाय चंदन निर्वपामीति स्वाहा।

अक्षत अखंड सुधांशुकरसम धवल शुद्ध चुनायके।
अक्षय महापद हेतु चरचूं चरण नित गुण गायके।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीवाहुबलिजिनाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

अम्भोज चंपक मालती बेला गुलाव प्रसून ले।
पदपद्म पूंजूं देवके, हैं मदन मद जिनने दले।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीबाहुबलिजिनाय कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

अतिमिष्ट मोहन भोग मोदक घेवरादिक घृतसने।
पकवान से भगवान को पूंजूं क्षुधादिक जिन हने।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीवाहुवलिजिनाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लेकर जजूं कर्पूर घृत रत्नादिकी दीपावली।
जिनकी प्रभा से हो प्रगट गुणराशि आतमकी भली ।।वसुकर्म० ।।
ॐ ह्रीं भगवते श्री बाहुबलिजिनाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

सुरदारु अगर कपूर तगर सुगन्ध चंदन से बनी।
दशदिशारंजन धूप दशविधि अग्र खेऊं पावनी ।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्री बाहुबलिजिनाय दुष्टाष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

बादाम पिस्ता नारियल अंगूर कदली आम हैं।
शिव अमरफल हित चर्चते हम नाथ तव पदधाम हैं।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्रीबाहुबलिजिनाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा।

गन्धाम्बु तन्दुल सुमन व्यंजन दीप धूप सुहावनी।
फल मधुर मिश्रित अर्घ ले, पूंजूं तुम्हें त्रिभुवन धनी ।।वसुकर्म०।।
ॐ ह्रीं भगवते श्री बाहुबलिजिनाय अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दोहा

पोदनपुर में स्वर्ण की, जजूं बिंब छविधाम।
पुष्प वृष्टि सुर जहं करें, केशरकी अविराम ।।
ॐ ह्रीं श्रीपोदनपुरस्थबाहुबलिस्वामिप्रतिमायै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

भला विंध्यगिरि शिखर है, भले विराजे जेह।
चालिस हस्त सुशोभनो, खड्गासन है देह ।।
अनुपम छवि जिनराज की, देख लजे शशि सूर्य,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तातै नहिं छाया पड़े, वन्दूं यह माधुर्य ।।

ॐ ह्रीं श्रीश्रवणवेलगोला—विंध्यगिरिस्थ बाहुवलिजिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

गोम्मटगिरि वेणूर में, जजूं नाय कर शीश ।
पूंजूं आरा कारकल, और जहां हों ईश ।।

ॐ ह्रीं श्रीगोम्मटगिरि वेणुपुर, धनुपुरा (आरा) कारकल आदिविविधस्थानस्थ श्रीवाहुबलिजिनप्रतिमायै अर्घ निर्वपामि ।

नमूं शिखर कैलाश जिहिं, शेष कर्म करि शेष ।
लोक शिखर चूड़ामणी, भए सिद्ध परमेश ।।

ॐ ह्रीं श्रीकैलाशशिखरात् सिद्धिगताय श्रीबाहुवलिसिद्धाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

जयमाला

दोहा

सवा पांचसौ धनुष तन, लतायुक्त अभिराम ।
खड्गासन मरकत वरण, सुन्दर रूप ललाम ।।

पद्धरी

जय वाहुवलीश्वर सुगुण धाम, चरणों में हों कोटिक प्रणाम ।
तुम आदि ब्रह्म के सुत सुजान, था अंतरंग में स्वाभिमान ।।
प्रण था वृषभेश्वरके सिवाय, यह मस्तक परको ना झुकाय ।
षट्-खण्ड भूमि भरतेश जीत, लौटे जव अवधपुरी पुनीत ।।
नहिं करै चक्र तव पुर प्रवेश, भरतेश्वर की जय थी अशेष ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तुम पोदनेश बाहूबलीश, नहिं थे वश में नहिं नमो शीश ।।
इस पर ही युद्ध ठना महान, थीं खड़ी सैन्य चतुरंग आन ।
हैं भरत बाहु द्वय चरम अंग, इनका नहिं होगा अंग भंग ।।
बहु सेना का होगा संहार, कर उभयपक्ष मन्त्री विचार ।
ठहराए निर्णय हित प्रबुद्ध, थिर-दृष्टि मल्ल जल तीन युद्ध ।।
तीनों जीते तुम हे बलीश, तब क्रोधित हो वह चक्र ईश ।
निज चक्र दिया तुम पर चलाय, कुल रीति नीति सबको भुलाय ।।
पर चक्ररत्न तुम पास आय, फिरि गया सप्रदिक्षण शीश नाय ।
यह ज्येष्ठ भ्रात की क्रिया देख, इस जग की स्वार्थकता विलेख ।।
तुम देव भये जग से उदास, सव शिथिल किया भवमोह पास ।
दे तनुज महावल को स्वराज, सब सौंप उसे वैभव समाज ।।
कह भरतेश्वर से वनो ज्येष्ठ, इस नश्वर भू के भूप श्रेष्ठ ।
फिर यथाजात मुद्रा सु धार, कर किया कर्मरिपु का संहार ।।
इक वर्ष खड़े थे एक थान, धर प्रतिमायोग अखण्ड ध्यान ।
थे एक वर्ष तक निराहार, सर्वोत्कृष्ट तप महा धार ।।
बाईस परीषह सहे धीर, तपते थे तप जिन अति गहीर ।
थे उगे लता तरु आस पास, चरनन में था अहि का निवास ।।
थे तजे उग्र तप के प्रभाव, वन के सव जीव विरोध भाव ।
अनुताप तुम्हें इक था महेश, पाए हैं मुझसे भरत क्लेश ।।
भरतेश्वर से सन्मान पाय, सन्ताप गया सत्वर नशाय ।
तव भए केवली हे जिनेश, पूजन की आकर नर सुरेश ।
उपदेश दिया करुणा-अधार, भवि जीवों को करके विहार ।
कैलाश शिखर से मुक्ति थान, पाया तुमने सब कर्म हान ।।
जय गोमटेश वाहुवलीश, जय जय भुजबलि जय दोर्बलीश ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जय त्रिभुवन मोहन छवि अनूप, जय धर्मप्रकाशक ज्योतिरूप ।।
जय मुनिजन भूषण धर्मसार, अकलंकरूप मोहि करहु पार।
जय मात सुनन्दा के सुनन्द, शिव राज्य देहु मोहि जगतवंद ।।
है स्वर्णमयी प्रतिमाभिराम, पोदनपुर में शतशः प्रणाम।
धनु सवापांचसौ हो जिनेन्द्र, जजते कुसुमांजलि ले सुरेन्द्र ।।
प्रतिमा विंध्येश्वरकी प्रधान, नित नमूं कारकल की महान।
वेणूर पुरीकी है ललाम, गोमटनिरिपति को हो प्रणाम ।।
आरा मे रहे विराज नाथ, शतवार तुम्हें हम नमत माथ।
जितनी हों जहं अहं विम्वसार, सवको मेरा हो नमस्कार ।।

धत्ता

जय वाहुवलीश्वर महाऋषीश्वर, दयानिधीश्वर जगतारी।
जय जय मदनेश्वर जितचक्रेश्वर, विंध्येश्वर भवभयहारी ।।

महार्घं

बाहुबली के महापादपद्मों को, जो भवि नित्य जजें,
सर्वसंपदा पावे जग में, ताके सव संताप भजें।
होकर 'वीर' बाहुबलि जैसा, 'धर्म' चक्र का कंत सजै,
कर्मबेड़ियां काट स्वपर की, निश्चय शिवपुरराज रजै ।।

[इत्याशीर्वाद]

सरस्वती पूजा

जनम जरा मृत्यु छय करै, हरै कुनय जड़रीति।
भवसागर सों ले तिरै, पूजें जिन वच प्रीति ।।१।।

ॐह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीवाग्वादिनि! अत्र अवतर अवतर संवौषट्।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं श्री जिनमुखोद्भवसरस्वतीवाग्वादिनि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनं।

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीवाग्वादिनि ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधिकरणं

अथाष्टक सोरठा

छीरोदधिगंगा, विमल तरंगा, सलिल अभंगा सुखसंगा।
भरि कंचन झारी, धार निकारी, तृषा निवारी, हित चंगा ।।
तीर्थंकरकी धुनि, गणधर ने सुनि, अंग रचे चुनि, ज्ञानमई।
सो जिनवरवानी, शिवसुखदानी, त्रिभुवन मानी, पूज्य भई ।। १

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै जलं निर्वपामीति स्वाहा।

करपूर मंगाया, चंदन आया, केशर लाया, रंग भरी।
शारदपद बंदों, मन अभिनंदों, पाप निकंदों, दाह हरी ।।तीर्थं०

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

सुखदास कमोदं, धारकमोदं, अति अनुमोदं, चन्दसमं।
बहु भक्ति बढ़ाई, कीरति गाई, होहु सहाई, मात ममं ।।तीर्थं०

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

बहु फूल सुवासं, विमल प्रकासं, आनन्द रासं, लाय धरे।
मम काम मिटायो, शील बढ़ायो, सुख उपजायो, दोष हरे।।तीर्थं०

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

पकवान वनाया, बहु घृत लाया, सब विधि भाया मिष्ठ महा।
पूजूं थुति गाऊँ, प्रीति बढ़ाऊँ, क्षुधा नशाऊँ, हर्ष लहा ।।तीर्थं०

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै नैवेद्यम् निर्वपामीति स्वाहा।

करि दीपक-जोतं, तमछय होतं, ज्योति उदोतं तुमहिं चढ़ै।
तुम हो परकाशक, भरमविनाशक, हम घट-भासक, ज्ञान बढ़ै ।।

ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुभगंध दशोंकर, पावकमें धर, धूप मनोहर खेवत हैं।
सब पाप जलावें, पुण्य कमावें, दास कहावें, सेवत हैं ।।तीर्थं०
ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतिदेव्यै धूपं निर्वपामीति स्वाहा।
बादाम छुहारी, लौंग सुपारी, श्रीफल भारी, ल्यावत हैं।
मनवांछित दाता, मेट असाता, तुम गुन माता, ध्यावत हैं ।।तीर्थं०
ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै फलं निर्वपामीति स्वाहा।
नयननसुखकारी, मृदुगुनधारी, उज्ज्वलभारी, मोलधरें।
शुभगंधसम्हारा, वसन निहारा, तुम तन धारा, ज्ञान करें ।।तीर्थं०
ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै वस्त्रं निर्वपामीति स्वाहा।
जलचंदन अच्छत, फूल चरू चत, दीप धूप अति फल लावें।
पूजा को ठानत, जो तुम जानत, सो नर द्यानत, सुख पावें ।।तीर्थं०
ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

अथ जयमाला (सोरठा)

ओंकार धुनिसार, द्वादशांगवाणी विमल।
नमों भक्ति उर धार, ज्ञान करै जड़ता हरै।।

छन्द वेसरी

पहलो आचारांग बखानो, पद अष्टादश सहस प्रमानो।
दूजो सूत्रकृतं अभिलाषं, पद छत्तीस सहस गुरु भाषं ।।१।।
तीजो ठाना अंग सुजानं, सहस बियालिस पद सरधानं।
चौथो समवायांग निहारं, चौसठ सहस लाख इक धारं ।।२।।
पंचम व्याख्याप्रज्ञपतिदरसं, दोय लाख अट्ठाइस सहसं।
छट्ठो ज्ञातृकथा विसतारं, पांच लाख छप्पन हज्जारं ।।३।।
सप्तम उपासकाध्ययनंगं, सत्तर सहस ग्यार लख भंगं।
अष्टम अंतकृतं दश ईसं, सहस अठाइस लाख तेईसं ।।४।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नवम अनुत्तर दश सुविशालं, लाख बनावैं सहस चवालं ।
दशम प्रश्न व्याकरण विचारं, लाखतिरानव सोल हजारं ।।५।।
ग्यारम सूत्र विपाक सुभाखं, एक कोड चौरासी लाखं ।
चार कोडि अरु पंद्रह लाखं, दो हजार सव पद गुरु शाखं ।।६।।
द्वादश दृष्टिवाद पनभेदं, इक सौ आठ कोडि पन वेदं ।
अडसठलाख सहस छप्पन हैं, सहित पंचपद मिथ्या हन हैं ।।७।।
इक सौ वारह कोडि बखानो, लाख तिरासी ऊपर जानो ।
ठावन सहस पंच अधिकाने, द्वादश अंग सर्वपद माने ।।८।।
कोडि इकावन आठहि लाखं, सहस चुरासी छहसौ भाखं ।
साढ़े इकीस सिलोक बताये, एक एक पद के ये गाये ।।९।।

घत्ता

जा बानी के ज्ञान में, सूझे लोक अलोक ।
'द्यानत' जग जयवंत हों, सदा देत हों धोंक ।।

ॐ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

[इत्याशीर्वाद]

सोलंहकारणपूजा

[कविवर द्यानतरायजी]

सोलह कारण भाय तीर्थंकर जे भये।
हरषे इन्द्र अपार मेरुपै ले गये ।।
पूजा करि निज धन्य लख्यो बहु चावसौं ।
हमहू षोडश कारन भावैं भावसौं ।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणानि ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणानि ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणानि ! अत्र मम सन्निहितानि भव भव वषट्।

कंचन-झारी निरमल नीर पूजों जिनवर गुन-गंभीर।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।
दरशविशुद्धि भावना भाय सोलह तीर्थंकर-पद-दाय।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्धि - विनय सम्पन्नता - शीलव्रतेष्वनतिचाराभीक्ष्णज्ञानोपयोग-संवेग - शक्तितस्त्याग-तपसी-साधुसमाधि - वैयावृत्यकरणार्हद्भक्ति-आचार्यभक्ति - बहुश्रुतभक्ति - प्रवचनभक्ति - आवश्यकापरिहाणि - मार्गप्रभावना - प्रवचनवात्सल्येतितीर्थंकरत्वकारणेभ्योजन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चंदन घसौं कपूर मिलाय पूजौं श्री जिनवर के पाय।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो संसारतापविनाशनाय चंदनं

तंदुल धवल सुगंध अनूप पूजौं जिनवर तिहुं जग-भूप।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्योऽक्षयपदप्राप्तये अक्षतान्

फूल सुगंध मधुप-गुंजार पूजौं जिनवर जग-आधार।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो कामबाणविध्वंसनाय पुष्पं

सद नेवज बहुविधि पकवान पूजौं श्रीजिनवर गुणखान।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो क्षुधारोगविनाशनाय नै०

दीपक-ज्योति तिमिर छयकार पूजूं श्रीजिन केवलधार।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो ।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपा० ।

अगर कपूर गंध शुभ खेय श्रीजिनवर आगे महकेय ।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो ।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्योऽष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वं०

श्रीफल आदि बहुत फलसार पूजौं जिन वांछित दातार ।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो ।।
दरशविशुद्धि भावना भाय सोलह तीर्थंकर-पद-दाय ।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो ।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो मोक्षफलप्राप्तये फलं

जल फल आठों दरब चढ़ाय 'द्यानत' वरत करों मनलाय ।
परम गुरु हो जय जय नाथ परम गुरु हो ।।दरश०।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्योऽनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वं०

षोडश कारण गुण करै, हरै चतुरगति-वास ।
पाप पुण्य सब नाश के, ज्ञान-भान परकाश ।।

चौपाई १६ मात्रा

दरशविशुद्धि धरे जो कोई, ताको आवागमन न होई ।
विनय महाधारै जो प्राणी, शिव-वनिता की सखी बखानी ।।
शील सदा द्रिढ जो नर पालै, सो औरन की आपद टालै ।
ज्ञानाभ्यास करै मनमाहीं, ताके मोह-महातम नाहीं ।।
जो संवेग-भाव विसतारै, सुरग-मुकति-पद आप निहारै ।
दान देय मन हरष विशेखै, इह भव जस परभव सुख देखै ।।
जो तप तपै खपे अभिलाषा, चूरे करम-शिखर गुरु भाषा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साधु-समाधि सदा मन लावै, तिहुं जग भोग भोगि शिव जावै।।
निश-दिन वैयावृत्य करैया, सो निहचै भव-नीर तिरैया।
जो अरहंत-भगति मन आनै, सो जन विषय कषाय न जानै।।
जो आचारज-भगति करै है, सो निर्मल आचार धरै है।
वहुश्रुतवंत-भगति जो करई, सो नर संपूरन श्रुत धरई।।
प्रवचन-भगति करै जो ज्ञाता, लहै ज्ञान परमानंद-दाता।
षट् आवश्यक काल जो साधै, सो ही रत्न-त्रय आराधै।।
धरम-प्रभाव करैं जे ज्ञानी, तिन शिव-मारग रीति पिछानी।
वत्सल अंग सदा जो ध्यावै, सो तीर्थंकर पदवी पावै।।

ॐ ह्रीं दर्शनविशुद्ध्यादिषोडशकारणेभ्यो पूर्णार्घ्यं निर्वपामी०

दोहा

एही सोलह भावना, सहित धरै व्रत जोय।
देव-इन्द्र-नर-वंद्य-पद, 'द्यानत' शिव-पद होय।।

[इत्याशीर्वाद]

पंचमेरु पूजा

[कविवर द्यानतरायजी]

गीता छन्द

तीर्थंकरों के न्हवन-जलतैं भये तीरथ शर्मदा,
तातैं प्रदच्छन देत सुर-गन पंच मेरुनकी सदा।
दो जलधि ढाई द्वीप में सब गनत-मूल विराजहीं,
पूजौं असी जिनधाम-प्रतिमा होहि सुख दुख भाजहीं।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्रावतरावतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः ।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

चौपाई आंचलीबद्ध

सीतल-मिष्ट-सुवास मिलाय, जलसौं पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ॥
पांचों मेरु असी जिनधाम, सव प्रतिमा को करों प्रनाम ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ॥

ॐ ह्रीं सुदर्शन - विजय-अचल-मन्दिर - विद्युन्मालिपंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो जलं निर्वपामीति स्वाहा ।

जल केशर करपूर मिलाय गंधसौं पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।पाँचों०।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो चन्दनं

अमल अखंड सुगंध सुहाय, अच्छत सौं पूजौं जिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।पाँचों०।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो अक्षतान्

वरन अनेक रहे महकाय, फूल सों पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।पाँचों०।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो पुष्पं निर्वं०

मन-वांछित बहु तुरत बनाय, चरुसों पूजौं श्रीजिनराय ।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय ।।पाँचों०।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्वन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो नैवेद्यं निर्वं०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तम-हर उज्ज्वल ज्योति जगाय, दीपसों पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥
पाँचों मेरु असी जिन धाम, सब प्रतिमा को करो प्रनाम।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥
ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो दीपं निर्वं०
खेऊँ अगर अमल अधिकाय, धूपसों पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥
ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो धूपं निर्वं०
सुरस सुवर्ण सुगंध सुभाय, फलसों पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥पाँचों०॥
ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो फलं निर्वं०
आठ दरबमय अरघ बनाय, 'द्यानत' पूजौं श्रीजिनराय।
महासुख होय, देखे नाथ परम सुख होय॥पाँचों०॥
ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनविम्वेभ्यो अर्घं निर्वं०

जयमाला

प्रथम सुदर्शन-स्वामि, विजय अचल मंदर कहा।
विद्युन्माली नाम, पंच मेरु जग में प्रगट॥१॥

वेसरी छन्द

प्रथम सुदर्शन मेरु विराजै, भद्रशाल वन भूपर छाजै।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मनवचनन बंदना हमारी॥२॥
ऊपर पंच-शतकपर सोहै, नंदन-वन देखत मन मोहै।
चैत्यालय चारों सुखकारो, मनवचतन बंदना हमारी॥३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

साढ़े बासठ सहस ऊँचाई, वन सुमनस शोभै अधिकाई ।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।४।।
ऊँचा जोजन सहस छत्तीसं, पांडुकवन सोहै गिरि सीसं ।
चैत्यालय चारों सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।५।।
चारों मेरु समान बखाने, भूपर भद्रसाल चहुँ जाने ।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।६।।
ऊँचे पांच शतक पर भाखे, चारों नन्दनवन अभिलाखे ।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।७।।
साढ़े पचपन सहस उतंगा, वन सौमनस चार बहुरंगा ।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।८।।
उच्च अठाइस सहस बताये, पांडुक चारों वन शुभ गाये ।
चैत्यालय सोलह सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।९।।
सुर नर चारन बंदन आवैं, सो शोभा हम किह मुख गावैं ।
चैत्यालय अस्सी सुखकारी, मनवचतन बंदना हमारी ।।१०।।

दोहा

पंचमेरु की आरती, पढ़ै सुनै जो कोय ।
'द्यानत' फल जानैं प्रभू, तुरत महासुख होय ।।११।।

ॐ ह्रीं पंचमेरुसम्बन्धिजिनचैत्यालयस्थजिनबिम्बेभ्यो अर्घं निर्व०

[इत्याशीर्वाद]

नन्दीश्वरद्वीप-पूजा

[कविवर द्यानतरायजी]

सरव पर्व में बड़ो अठाई परव है ।
नंदीश्वर सुर जांहि लेय वसु दरव है ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

हमें सकति सो नाहिं इहां करि थापना ।
पूजें जिनगृह-प्रतिमा है हित आपना ।।

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र अवतर अवतर संवौषट् ।

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र तिष्ठ: तिष्ठ: ठ: ठ: ।

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमासमूह ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् ।

कंचन-मणि-मय-भृङ्गार, तीरथ-नीर भरा ।
तिहुं धार दई निरवार, जामन मरन जरा ।।
नंदीश्वर-श्रीजिन-धाम, बावन पुंज करों ।
वसु दिन प्रतिमा अभिराम, आनंद-भाव धरों ।।

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिणदिक्षु द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलं निर्वं०

भव-तप-हर शीतल वास, सो चंदन नाहीं ।
प्रभु यह गुन कीजै सांच आयो तुम ठांही ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो भवतापविनाशनाय चन्दनं निर्वपा०

उत्तम अक्षत जिनराज, पुन्ज धरे सोहै ।
सब जीते अक्ष-समाज, तुमसम अरु को है ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा ।

तुम काम विनाशक देव, ध्याऊं फूलनसौं ।
लहुँ शील-लच्छमी एव, छूटों सूलनसौं ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशाज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो कामवाणविध्वंसनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नेवज इंद्रिय-बलकार, सो तुमने चूरा ।
चरु तुम ढिग सोहै सार, अचरज है पूरा ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो क्षुधारोग-विनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

दीपक की ज्योति-प्रकाश, तुम तन माँहि लसै ।
टूटै करमन की राश, ज्ञान-कणी दरसै ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो मोहान्ध-कारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा ।

कृष्णागरु-धूप-सुवास, दश-दिशि नारि वरै ।
अति हरष-भाव परकाश, मानों नृत्य करै ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो अष्टकर्म-दहनाय धूपं निर्वपामीति स्वाहा ।

बहुविधि फल ले तिहुँ काल, आनंद राचत हैं ।
तुम शिव-फल देहु दयाल, तुहि हम जाचत हैं ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो मोक्षफल-प्राप्तये फलं निर्वपामीति स्वाहा ।

यह अरघ कियो निज-हेत, तुमको अरपतु हों ।
'द्यानत' कीज्यो शिव-खेत, भूमि समरपतु हों ।।नंदी०

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे द्विपंचाशज्जिनालयस्थजिनप्रतिमाभ्यो अनर्घपद-प्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

जयमाला

दोहा

कार्तिक फागुन साढके, अंत आठ दिन माँहि ।
नंदीश्वर सुर जात हैं, हम पूजें इह ठाँहि ।।१।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एकसौ त्रेसठं कोडि, जोजन महा ।
लाख चौरासिया एक दिश में लहा ॥
आठमों दीप नंदीश्वरं भास्वरं ।
भौन वावन्न प्रतिमा नमों सुखकरं ॥२॥
चार दिशि चार अंजनगिरी राजहीं ।
सहस चौरासिया एक दिश छाजहीं ॥
ढोलसम गोल ऊपर तले संदरं ॥भौन० ॥३॥
एक इक चार दिशि चार शुभ वावरी ।
एक इक लाख जोजन अमल-जल भरी ॥
चहुँ दिसा चार वन लाख जोजन वरं ।
भौन वावन्न प्रतिमा नमों सुखकरं ॥४॥
सोल वापीन मधि सोल गिरि दधिमुखं ।
सहस दश महा जोजन लखत ही सुखं ॥
वावरी कौन दो माहि दो रति करं ॥भौन० ॥५॥
शैल बत्तीस इक सहस जोजन कहे ।
चार सोलै मिलैं सर्व बावन लहे ॥
एक इक सीस पर एक जिनमंदिरं ॥भौन० ॥६॥
विंव अठ एकसौ रतनमयि सोहहीं ।
देव देवी सरव नयन मन मोहहीं ॥
पांचसै धनुष तन पद्म-आसन परं ॥भौन० ॥७॥
लाल नख-मुख नयन स्याम अरु स्वेत हैं ।
स्याम-रंग भोंह सिर-केशछवि देत हैं ॥
वचन बोलत मनों हँसत कालुष हरं ॥भौन० ॥८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोटि-शशि-भान-दुति-तेज छिप जात है।
महा-वैराग-परिणाम ठहरात है।।
वयन नहिं कहैं लखि होत सम्यक्धरं।।भौन० ।।६।।

सोरठा

नंदीश्वर-जिन-धाम, प्रतिमा-महिमा को कहै।
'द्यानत' लीनो नाम, यही भगति शिव-सुख करै।।

ॐ ह्रीं श्रीनन्दीश्वरद्वीपे पूर्वपश्चिमोत्तरदक्षिणदिक्षु द्विपंचाशज्जिनालयस्थ-जिनप्रतिमाभ्यो पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

[इत्याशीर्वादः। पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि]

दशलक्षणधर्म-पूजा

[कविवर द्यानतरायजी]

अडिल्ल

उत्तम छिमा मारदव आरजव भाव हैं,
सत्य सौच संयम तप त्याग उपाव हैं।
आकिंचन ब्रह्मचरज धरम दश सार हैं,
चहुंगति-दुखतैं काढ़ि मुकति करतार हैं।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म! अवतर् अवतर् संवौषट्।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्म! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट्।

सोरठा

हेमाचलकी धार, मुनि-चित सम शीतल सुरभि।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमामार्दवार्जवसत्यशौचसंयमतपस्त्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्येति दशलक्षणधर्माय जलं निर्वपामीति स्वाहा।

चन्दन केशर गार, होय सुवास दशों दिशा।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय चन्दनं निर्वपामीति स्वाहा।

अमल अखंडित सार, तंदुल चन्द्र समान शुभ।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

फूल अनेक प्रकार, महकें ऊरध-लोकलों।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

नेवज विविध निहार, उत्तम षट-रस-संजुगत।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

बाति कपूर सुधार, दीपक-जोति सुहावनी।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

अगर धूप विस्तार, फैले सर्व सुगंधता।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

फलकी जाति अपार, घ्रान-नयन-मन मोहने।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0 In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आठों दरव संवार, 'द्यानत' अधिक उछाहसों ।
भव-आताप निवार, दस-लच्छन पूजौं सदा ।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्माययाघँ निर्वपामीति स्वाहा ।

अंगपूजा

सोरठा

पीडैं दुष्ट अनेक, बाँध मार बहुविधि करैं।
धरिये छिमा विवेक, कोप न कीजै पीतमा ।।

उत्तम छिमा गहो रे भाई, इह भव जस पर-भव सुखदाई ।
गाली सुनि मन खेद न आनो, गुनको औगुन कहै अयानो ।।
कहि है अयानो वस्तु छीनै, बाँध मार बहुविधि करै ।
घरतैं निकारै तन विदारैं, बैर जो न तहाँ धरै ।।
तैं करम पूरव किये खोटे, सहै क्यों नहिं जीयरा ।
अति क्रोध-अगनि बुझाय प्रानी, साम्य जल ले सीयरा ।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमाधर्माङ्गाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

मान महाविषरूप, करहि नीच-गति जगत में ।
कोमल सुधा अनूप, सुख पावै प्रानी सदा ।।

उत्तम मार्दव-गुन मन माना, मान करनको कौन ठिकाना ।
वस्यो निगोद माहितैं आया, दमरी रूकन भाग बिकाया ।।
रूकन बिकाया भाग-वशतैं, देव इकइंद्री भया ।
उत्तम मुआ चांडाल हूवा, भूप कीड़ों में गया ।।
जीतव्य जोवन धन गुमान, कहा करै जल-बुदबुदा ।
करि विनय बहु-गुन बड़े जनकी, ज्ञानका पावै उदा ।।

ॐ ह्रीं उत्तममार्दवधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कपट न कीजै कोय, चोरनके पुर ना बसै।
सरल सुभावी होय, ताके घर बहु संपदा ॥
उत्तम आर्जव-रीति बखानी, रंचक दगा बहुत दुखदानी।
मनमें हो सो वचन उचरिये, वचन होय सो तनसौं करिये ॥
करिये सरल तिहुँ जोग अपने, देख निरमल आरसी।
मुख करै जैसा लखै तैसा, कपट-प्रीति अंगारसी ॥
नहिं लहै लछमी अधिक छल करि, करम-बंध-विशेषता।
भय त्यागि दूध विलाव पीवै, आपदा नहिं देखता ॥
ॐ ह्रीं उत्तमार्जवधर्माङ्गाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

कठिन वचन मति बोल, पर-निंदा अरु झूठ तज।
सांच जवाहर खोल, सतवादी जगमें सुखी ॥
उत्तम सत्य-वरत पालीजै, पर-विश्वासघात नहिं कीजै।
साँचे झूठे मानुष देखो, आपन पूत स्वपास न पेखो ॥
पेखो तिहायत पुरुष साँचे को दरव सब दीजिये।
मुनिराज-श्रावक की प्रतिष्ठा साँच गुण लख लीजिये ॥
ऊँचे सिंहासन बैठि वसु नृप, धरम का भूपति भया।
बच झूठसेती नरक पहुँचा, सुरग में नारद गया ॥
ॐ ह्रीं उत्तमसत्यधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

धरि हिरदै संतोष, करहु तपस्या देहसों।
शौच सदा निरदोष, धरम बड़ो संसार में ॥
उत्तम शौच सर्व जग जाना, लोभ पाप को बाप बखाना।
आशा-पास महा दुखदानी, सुख पावै संतोषी प्रानी ॥
प्रानी सदा शुचि शील जप तप, ज्ञान ध्यान प्रभावतैं।
नित गंग जमुन समुद्र न्हाये, अशुचि-दोष सुभावतैं ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ऊपर अमल मल भरयो भीतर, कौन विधि घट शुचि कहै।
बहु देह मैली सुगुन-थैली, शौच-गुन साधू लहै॥
ॐ ह्रीं उत्तमशौचधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

काय छहों प्रतिपाल, पंचेंद्री मन वश करो।
संजम-रतन संभाल, विषय चोर बहु फिरत हैं॥

उत्तम संजम गहु मन मेरे, भव-भवके भाजें अघ तेरे।
सुरग-नरक-पशुगति में नाहीं, आलस-हरन करन सुख ठाहीं॥
ठाहीं पृथी जल आग मारुत, रूख त्रस करुना धरो।
सपरसन रसना घ्रान नैंना, कान मन सब वश करो॥
जिस बिना नहिं जिनराज सीझे, तू रुल्यो जग-कीच में।
इक घरी मत बिसरो करो नित, आव जम-मुख बीच में॥
ॐ ह्रीं उत्तमसंयमधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

तप चाहैं सुरराय, करम-सिखर को वज्र है।
द्वादशविधि सुखदाय, क्यों न करै निज सकति सम॥

उत्तम तप सब माहिं बखाना, करम-शैल को वज्र-समाना।
वस्यो अनादि-निगोद-मँझारा, भू-विकलत्रय-पशु-तनधारा॥
धारा मनुष तन महादुर्लभ, सुकुल आव निरोगता।
श्रीजैनवानी तत्त्वज्ञानी, भई विषय-पंयोगता॥
अति महा दुरलभ त्याग विषय, कषाय जो तप आदरैं।
नर-भव अनूपम कनक घर पर, मणिमयी कलसा धरैं॥
ॐ ह्रीं उत्तमतपोधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

दान चार परकार, चार संघ को दीजिए।
धन बिजुली उनहार, नर-भव-लाहो लीजिए॥

उत्तम त्याग कह्यो जग सारा, औषध शास्त्र अभय आहारा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

निहचै राग-द्वेष निरवारैं, ज्ञाता दोनों दान संभारै ॥
दोनों सँभारे कूप-जलसम, दरव घर में परिनया ।
निज हाथ दीजे साथ लीजे, खाय खोया वह गया ॥
धनि साध शास्त्र अभय-दिवैया, त्याग राग विरोध को ।
बिन दान श्रावक साध दोनों, लहैं नाहीं बोध को ॥
ॐ ह्रीं उत्तमत्यागधर्माङ्गाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

परिग्रह चौबिस भेद, त्याग करैं मुनिराज जी ।
तिसना भाव उछेद, घटती जान घटाइए ॥

उत्तम आकिंचन गुण जानो, परिग्रह-चिंता दुख ही मानो ।
फाँस तनक सी तन में सालै, चाह लंगोटी की दुख भालै ॥
भालै न समता सुख कभी नर, विना मुनि-मुद्रा धरैं ।
धनि नगन पर तन-नगन ठाड़े, सुर असुर पायनि परैं ॥
घर माहिं तिसना जो घटावै, रुचि नहीं संसारसौं ।
वहु धन बुरा हू भला कहिये, लीन पर-उपगार सौं ॥
ॐ ह्रीं उत्तमाकिंचन्यधर्मांगाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

शील-बाढ़ नौ राख, ब्रह्म-भाव अंतर लखो ।
करि दोनों अभिलाख, करहु सफल नर-भव सदा ॥

उत्तम ब्रह्मचर्यं मन आनौ, माता बहिन सुता पहिचानौ ।
सहैं बान-वरषा बहु सूरे, टिकै न नैन-बान लखि कूरे ॥
कूरे तिया के अशुचि तन में, काम-रोगी रति करैं ।
बहु मृतक सड़हिं मसान माहीं, काग ज्यों चोंचैं भरैं ॥
संसार में विष-बल नारी, तजि गये जोगीश्वरा ।
'द्यानत' धरम दश पैंडि चढ़िकैं, शिव-महल में पग धरा ॥

ॐ ह्रीं उत्तमब्रह्मचर्यधर्मांगाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समुच्चय-जयमाला

दोहा

दश लच्छन वंदौं सदा, मन-वांछित फलदाय ।
कहों आरती भारती, हम पर होहु सहाय ।।

वेसरी छन्द

उत्तम छिमा जहाँ मन होई, अंतर-बाहिर शत्रु न कोई ।
उत्तम मार्दव विनय प्रकासै, नाना भेद ज्ञान सब भासै ।।
उत्तम आर्जव कपट मिटावै, दुरगति त्यागि सुगति उपजावै ।
उत्तम सत्य-वचन मुख बोलै, सो प्रानी संसार न डोलै ।।
उत्तम शौच लोभ-परिहारी, संतोषी गुण-रतन-भंडारी ।
उत्तम संयम पालै ज्ञाता, नर-भव सफल करै ले साता ।।
उत्तम तप निरवांछित पालै, सो नर करम-शत्रु को टालै ।
उत्तम त्याग करै जो कोई, भोगभूमि - सुर-शिवसुख होई ।।
उत्तम आकिंचन व्रत धारै, परम समाधि दशा विसतारै ।
उत्तम ब्रह्मचर्य मन लावै नर-सुर सहित मुकति-फल पावै ।।

दोहा

करै करम की निरजरा, भव पींजरा विनाश ।
अजर अमर पदकों लहै, 'द्यानत' सुखकी राश ।।

ॐ ह्रीं उत्तमक्षमामार्दवार्जवशौचसत्यसंयमतपत्यागाकिंचन्यब्रह्मचर्यदश-लक्षणधर्मेभ्य: पूर्णार्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वयम्भू-स्तोत्र

[कविवर द्यानतराय]

राजविषै जुगलनि सुख कियो, राज त्याग भुवि शिवपद लियो।
स्वयंवोध स्वयंभू भगवान, बंदौ आदिनाथ गुणखान ॥
इंद्र छीर-सागर-जल लाय, मेरु न्हवाये गाय बजाय।
मदन-विनाशक सुख करतार, बंदौं अजित अजित-पदकार ॥
शुकल ध्यानकरि करम विनाशि, घाति अघाति सकल दुखराशि।
लह्यो मुकतिपद सुख अधिकार, बंदौं सम्भव भव-दुख टार ॥
माता पच्छिम रयन मँझार, सुपने सोलह देखे सार।
भूप पूछि फल सुनि हरषाय, बंदौ अभिनन्दन मन लाय ॥
सव कुवादवादी सरदार, जीते स्यादवाद-धुनि धार।
जैन-धरम-परकाशक स्वाम, सुमतिदेव-पद करहुँ प्रनाम ॥
गर्भ अगाऊ धनपति आय, करी नगर-शोभा अधिकाय।
वरसे रतन पंचदश मास, नमौं पदमप्रभु सुख की रास ॥
इंन फनिंद नरिंद त्रिकाल, वानी सुनि सुनि होंहि खुस्याल।
द्वादश सभा ज्ञान-दातार, नमों सुपारसनाथ निहार ॥
सुगुन छियालिस हैं तुम माहिं, दोष अठारह कोऊ नाहिं।
मोह-महातम-नाशक दीप, नमों चन्द्रप्रभ राख समीप ॥
द्वादशविध तप करम विनाश, तेरह भेद चरित परकाश।
निज अनिच्छ भवि इच्छकदान, बंदौं पहुपदंत मन आन ॥
भवि-सुखदाय सुरगतें आय, दशविध धरम कह्यो जिनराय।
आप समान सवनि सुख देह, बंदौं शीतल धर्म-सनेह ॥
समता-सुधा कोप-विष-नाश, द्वादशांग वानी परकाश।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चार संघ - आनंद - दातार, नमौं श्रियांस जिनेश्वर सार ।।
रतनत्रय चिर मुकुट विशाल, सोभै कंठ सुगुन मनि - माल ।
मुक्ति - नार - भरता भगवान, वासुपूज्य बंदौं धर ध्यान ।।
परम समाधि - स्वरूप जिनेश, ज्ञानी ध्यानी हित - उपदेश ।
कर्म नाशि शिव - सुख - विलसंत, बंदौं विमलनाथ भगवंत ।।
अंतर बाहिर परिग्रह डारि, परम दिगंबर - व्रत को धारि ।
सर्व जीव - हित - राह दिखाय, नमों अनंत वचन मन लाय ।।
सात तत्त्व पंचासतिकाय, अरथ नवों छ दरव बहु भाय ।
लोक अलोक सकल परकास, बंदौं धर्मनाथ अविनाश ।।
पंचम चक्रवरति निधि भोग, कामदेव द्वादशम मनोग ।
शांतिकरन सोलह जिनराय, शांतिनाथ बंदौं हरखाय ।।
बहु थुति करे हरष नहिं होय, निंदे दोष गहैं नहिं कोय ।
शीलवान परब्रह्मस्वरूप, बंदौं कुन्थुनाथ शिव - भूप ।।
द्वादश गण पूजें सुखदाय, थुति वंदना करैं अधिकाय ।
जाकी निज-थुति कबहुँ न होय, बंदौं अर-जिनवर-पद दोय ।।
पर - भव रतनत्रय - अनुराग, इह भव ब्याह - समय वैराग ।
बाल - ब्रह्म - पूरन - व्रत धार, बंदौं मल्लिनाथ जिनसार ।।
बिन उपदेश स्वयं बैराग, थुति लोकांत करैं पग लाग ।
नमः सिद्ध कहि सब व्रत लेहिं, बंदौं मुनिसुव्रत व्रत देहिं ।।
श्रावक विद्याबंत निहार, भगति - भाव सों दियो अहार ।
वरसी रतन - राशि ततकाल, बंदौं नमि प्रभु दीन - दयाल ।।
सब जीवन की बंदी छोर, राग - दोष द्वै बंधन तोर ।
रजमति तजि शिव-तियसों मिले; नेमिनाथ बंदौं सुखनिले ।।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दैत्य कियो उपसर्ग अपार, ध्यान देखि आयो फणधार।
गयो कमठ शठ मुख करि श्याम, नमो मेरुसम पारस स्वाम ॥
भव सागर तैं जीव अपार, धरम पोत में धरे निहार।
डूबत काढ़े दया विचार, वर्धमान बंदौं वहुवार ॥

दोहा

चौवीसों पद-कमलजुग, वंदौं मन-वच-काय।
'द्यानत' पढ़ै सुने सदा, सो प्रभु क्यों न सहाय ॥

निर्वाणक्षेत्र-अर्घ्य

जल गंध अच्छत फूल चरु फल धूप दीपायन धरौं।
"द्यानत" करो निरभय जगत तैं जोर कर विनती करों ॥
सम्मेदगिर गिरनार चम्पा पावापुर कैलासकौं।
पूजों सदा चौबीस जिन निर्वाणभूमि निवास कौं ॥

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थंङ्करनिर्वाणक्षेत्रेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं

महार्घं

गीता छन्द

मैं देव श्री अर्हन्त पूजूं, सिद्ध पूजूं चावसों।
आचार्य श्री उवझाय पूजूं, साधु पूजूं भावसों ॥
अर्हन्त - भाषित वैन पूजूं, द्वादशांग रचे गनी।
पूजूं दिगम्बर गुरुचरन शिव हेत सब आशा हनी ॥
सर्वज्ञभाषित धर्म दशविधि दया - मय पूजूं सदा।
जजि भावना षोडश रतनत्रय जा बिना शिव नहिं कदा ॥
त्रैलोक्य के कृत्रिम अकृत्रिम चैत्य चैत्यालय जजूं।
पन मेरु नन्दीश्वर जिनालय खचर सुर पूजित भजूं ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कैलास श्री सम्मेद श्री गिरनार गिरि पूजूं सदा ।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि और तीरथ सर्वदा ॥
चौबीस श्री जिनराज पूजूं बीस क्षेत्र विदेह के ।
नामावली इक सहस वसु जप होंय पति शिवगेह के ॥

दोहा

जल गंधाक्षत पुष्प चरु दीप धूप फल लाय ।
सर्व पूज्य पद पूज हूं वहु विध भक्ति बड़ाय ॥
ॐ ह्रीं निर्वाणक्षेत्रेभ्यो महार्घं निर्वपामीति स्वाहा ।

शान्ति-पाठ

शास्त्रोक्त बिधि पूजा महोत्सव सुरपति चक्री करैं ।
हम सारिखे लघुपुरुष कैसे यथाविधि पूजा करैं ॥
धनक्रिया ज्ञानरहित न जाने रीति पूजन नाथजी ।
हम भक्तिवश तुम चरण आगे जोड़ लीने हाथ जी ॥१॥
दुखहरण मंगलकरण आशा भरन जिन पूजन सही ।
यह चित्तमें सरधान मेरे शक्ति है स्वयमेव ही ॥
तुम सारिखे दातार पाये काज लघु जाचूं कहा ।
मुझ आपसम कर लेहु स्वामी यही इक वांछा महा ॥२॥
संसार भीषण विषमवन में कर्म मिल आतापियो ।
तिसदाहतें आकुलित चिरतैं शांति थल कहूं ना लियो ॥
तुम मिले शांतस्वरूप शांति करण समरथ जगपती ।
वसुकर्म मेरे शांत कर दो शांति में पंचमगती ॥३॥
जबलों नहीं शिव लह्यों तबलों देहु यह धन पावना ।
सत्संग शुद्धाचरण श्रुत अभ्यास आतम भावना ॥
तुमविन अनंतानंत काल गयो रुलत जगजाल में ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अव शरण आयो दोऊ कर जोर नावत भाल मैं ॥४॥
कर प्रमाण के मानतें, गगन नपों किस भंत।
त्यों तुम गुणवरनन करें, कहूँ न पावे अंत॥

विसर्जन

संपूर्णविधि करि वीनऊँ इस परम पूजन ठाठ में।
अज्ञानवश शास्त्रोक्त विधितैं चूक कीनी पाठ में॥
सो होउ पूर्ण समस्त विधिवत् तुम चरण की शरणतैं।
वंदू तुम्हें कर जोड़ के उद्धार जम्मन मरणतैं॥१॥
आह्वानन स्थापन सन्निधीकरण विधानजी।
पूजन विसर्जन हू यथा विधि जानों नहीं गुण खानजी॥
जो दोष लागे सो नशो सब तुम चरण की शरण तैं।
वंदू तुम्हें कर जोड़ के उद्धार जम्मन मरणतैं॥२॥
तुम रहित आवागमन आह्वानन कियो निज भाव में।
यथा विधि निज शक्ति सम पूजन कियो अति चाव तें॥
करहूं विसर्जन भाव ही में तुम चरण की शरण तैं।
वंदू तुम्हें कर जोड़ के उद्धार जम्मन मरण तैं॥३॥
तीन भुवन तिहुँ काल में तुमसा देव न और।
सुख कारन संकट हरण नमूं जुगल कर जोर॥

शान्ति-पाठ (संस्कृत)

शान्तिजिनं शशि-निर्मल-वक्त्रं शील-गुण-व्रत-संयम-पात्रम्।
अष्टशतार्चित-लक्षण-गात्रं नौमि जिनोत्तमम्बुज-नेत्रम्॥१॥
पञ्चमभीप्सित-चक्रधराणां पूजितमिन्द्र-नरेन्द्र-गणैश्च।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शान्तिकरं गण-शान्तिमभीप्सुः षोडस-तीर्थंकरं प्रणमामि ।।२।।
दिव्य-तरुः सुर-पुष्प-सुवृष्टिर्दुन्दुभिरासन-योजन घोषौ ।
आतपवारण-चामर-युग्मे यस्य विभाति च मण्डलतेजः ।।३।।
तं जगदर्चित-शान्ति-जिनेन्द्र शान्तिकरं शिरसा प्रणमामि ।
सर्वगणाय तु यच्छतु शान्तिं मह्यमरं पठते परमां च ।।४।।

येऽभ्यर्चिता मुकुट-कुण्डल-हार-रत्नैः ।
शक्रादिभिः सुरगणैः स्तुत-पाद-पद्माः ।
ते मे जिनाः प्रवर-वंश-जगत्प्रदीपा-
स्तीर्थङ्कराः सतत-शान्तिकरा भवन्तु ।।५।।

संपूजकानां प्रतिपालकानां यतीन्द्र-सामान्य-तपोधनानाम् ।
देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु शान्तिं भगवाञ्जिनेन्द्रः ।।६।।
क्षेमं सर्व-प्रजानां प्रभवतु बलवान्धार्मिको भूमिपालः ।
काले काले च सम्यग्वर्षतु मघवा व्याधयो यान्तु नाशम् ।
दुर्भिक्षं चौर-मारी क्षणमपि जगतां मास्म भूज्जीवलोके ।
जैनेन्द्र धर्मचक्रं प्रभवतु सततं सर्व-सौख्य-प्रदायि ।।७।।
प्रध्वस्त - घाति - कर्माणः केवलज्ञान - भास्कराः ।
कुर्वन्तु जगतां शान्तिं वृषभाद्या जिनेश्वराः ।।८।।

इष्ट-प्रार्थना

प्रथमं करणं चरणं द्रव्यं नमः

शास्त्राभ्यासो जिनपति-नुतिः सङ्गतिः सर्वदार्यैः
सद्वृत्तानां गुण-गण-कथा दोष-वादे च मौनम् ।
सर्वस्यापि प्रिय - हित-वचो भावना चात्मतत्त्वे ।
सम्पद्यन्तां मम भव-भवे यावदेतेऽपवर्गः ।।९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तव पादौ मम हृदये मम हृदयं तव पद-द्वये लीनम् ।
तिष्ठतु जिनेन्द्र तावद्यावन्निर्वाण-सम्प्राप्तिः ॥१०
अक्खर-पयत्थ-हीणं मत्ता-हीणं च जं मए भणियं ।
तं खमउ णाणदेव य मज्झ वि दुक्ख-क्खयं दिंतु ॥११
दुक्ख-खओ कम्म-खओ समाहिमरणं च बोहि-लाहो य ।
मम होउ जगद्-बंधव तव जिणवर चरण-सरणेण ॥१२

विसर्जनम्

ज्ञानतोऽज्ञानतो वापि शास्त्रोक्तं न कृतं मया ।
तत्सर्वं पूर्णमेवास्तु त्वत्प्रसादाज्जिनेश्वर ॥१॥
आह्वानं नैव जानामि नैव जानामि पूजनम् ।
विसर्जनं न जानामि क्षमस्व परमेश्वरः ॥२॥
मन्त्र-हीनं क्रिया-हीनं द्रव्य-हीनं तथैव च ।
तत्सर्वं क्षम्यतां देव रक्ष रक्ष जिनेश्वरः ॥३॥
आहूता ये पुरा देवाः लब्धभागाः यथाक्रमम् ।
ते मयाऽभ्यर्चिताभक्त्या सर्वे यान्तु यथास्थितिं ॥४॥

पंच परमेष्ठी की आरती

इहविधि मंगल आरती कीजै ।
पंच परमपद भज सुख लीजै ॥टेक॥
पहली आरती श्रीजिनराजा ।
भव दधि पार उतार जिहाजा ॥इहविधि०॥१॥
दूसरी आरती सिद्धनकेरी ।
सुमिरन करत मिटै भव फेरी ॥इहविधि०॥२॥
तीजी आरती सूर मुनिंदा ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जनम मरण दुख दूर करिंदा ।।इहविधि०।।३।।
चौथी आरती श्री उवझाया।
दर्शन देखत पाप पलाया ।।इहविधि०।।४।।
पांचमी आरती साधु तिहारी ।
कुमति-विनाशन शिव-अधिकारी ।।इहविधि०।।५।।
छट्ठी ग्यारह प्रतिमा धारी।
श्रावक बंदों आनन्दकारी ।।इहविधि०।।६।।
सातमि आरती श्रीजिनवानी ।
'द्यानत' सुरग मुकति सुखदानी ।।इहविधि०।।७।।

5221

भागचन्द्र कृत (भजन)

राग सोरठा

हे जिन तुम गुन अपरं पार, चन्द्रोज्ज्वल अविकार ।।टेक।।
जबै तुम गर्भमाहिं आये, तबै सब सुरगन मिलि आये।
रतन नगरी में बरषाये, अमित अमोघ सुढार ।।हे जिन०।।१
जन्म प्रभु तुमने जब लीना, न्हवन सुरगिर परि कीना ।
भक्ति करि सची सहित भीना, बोली जयजयकार ।।हे जिन०।।२
जगत छनभंगुर जब जाना, भये तब नगनवृत्तो बाना ।
स्तवन लौकांतिकसुर ठाना, त्याग राजको भार ।।हे जिन०।।३
घातिया प्रकृति जबै नासी, चराचर वस्तु सबै भासी ।
धर्म की वृष्टि करी खासी, केवलज्ञान भंडार ।।हे जिन०।।४
अघाती प्रकृति सुविघटाई, मुक्तिकान्ता तब ही पाई ।
निराकुल आनंद असहाई, तीनलोकसरदार ।। हे जिन० ।।५
पार गनधर हूं नहिं पावै, कहां लगि 'भागचन्द' गावै ।
तुम्हारे चरनांबुज ध्यावै, भवसागर सों तार ।।हे जिन०।।६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परस्परोपग्रहो जीवानाम्

श्री रघुबीरसिंह जैन धर्मार्थ ट्रस्ट

जैना वाच कं.

7/32, दरियागंज नई दिल्ली-110002

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi